>

Title: Resentment among labourers due to delay in payment of dues under Employment Guarantee Scheme in Phulwarisharif Division of Patna Parliamentary Constituency.

**श्री राम कृपाल यादव :** सर, मैं निराश हो गया था, मैं आपका आभारी हूं।

**अध्यक्ष महोदय :** रनिंग कमेन्टरी हैबिट हो गई है। ठीक है, आप अपने मैटर पर बोलिये।

**श्री राम कृपाल यादव :** सर, आप गुस्से में अच्छे नहीं लगते हैं, हंसते हैं तो ज्यादा अच्छा लगता है और हम ही तो आपके एक बालक हैं जो आपके आदेशानुसार सब काम करते हैं।

**अध्यक्ष महोदय :** सब लोग सुनकर हंसते हैं।

**श्री राम कृपाल यादव :** अध्यक्ष महोदय, मैं आपके प्रति आभारी हूं कि आपने मुझे एक महत्वपूर्ण विषय पर बोलने का अवसर प्रदान किया है। हमारे यहां गरीबी, फटेहाली और बेरोजगारी बहुत अधिक है और इसके लिए सरकार ने एक पापुलर स्कीम राष्ट्रीय रोजगार गारंटी योजना चलाई और पूरे देश के पैमाने पर उसे लागू करने का काम किया। ताकि लोगों को रोजगार मिल सके और लोग अपनी गरीबी को दूर करने का काम कर सकें।

महोदय, मैं आपके माध्यम से सरकार का ध्यान बिहार राज्य की तरफ आकृष्ट करता हूं। वहां बड़े पैमाने पर राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार योजना के अंतर्गत दी गई राशि का दुरुपयोग किया जा रहा है। इसके पहले भी हमने कई दफा आपके माध्यम से सरकार का ध्यान इस ओर आकृष्ट कराया है। मैं केन्द्र सरकार का ध्यान पूरे बिहार सहित अपने संसदीय क्षेत्र की तरफ विशेष रूप से आकर्षित करना चाहता हूं। मेरा संसदीय क्षेत्र फुलवारी शरीफ के अंतर्गत आता है। आज वहां धरने और प्रदर्शन चल रहे हैं। वहां पर लोगों का लाखों रुपयें बकाया हैं, अपने किए गए काम के एवज में लोगों को पैसा नहीं मिला है। इसलिए लोग वहां पर धरने और प्रदर्शन कर रहे हैं। मुख्य समाचार पत्रों में यह खबर छपी है, फाल्स जॉब कार्ड के नाम पर वहां भुगतान किया जा रहा है। इससे वहां के मजदूरों में बहुत आक्रोश है। वह बहुत गरीब इलाका है। वैसे तो पूरा बिहार ही गरीब है। लेकिन मेरे क्षेत्र फुलवारी शरीफ विधान सभा क्षेत्र के चार-पांच ऐसे गांव हैं, जिनकी ऑथेन्टिक चर्चा मैं यहां कर देना चाहता हूं, ताकि माननीय मंत्री जी को जांच करने में कोई दिक्कत न हो। इन गांवों के नाम इस प्रकार हैं - सकरेचा, सुइथा, सोरंगपुर, कोरियावा, परसा और भूसोला दानापुर। इन सारी पंचायतों में भारी पैमाने पर अनियमितता बरती गई है और मजदूरों से काम लेकर उनका भुगतान नहीं किया जा रहा है। वहां पर फाल्स जाब कार्ड के सहारे काम कराया जा रहा है। इस तरह से वहां केन्द्र सरकार की रोजगार गारंटी योजना की मूल भावना पर आघात पहुंचाया जा रहा है। यह इतनी पापुलर स्कीम है, लेकिन इसका दुरुपयोग हो रहा है।

मैं आपके माध्यम से ग्रामीण विकास मंत्री जी से अनुरोध करूंगा कि तत्काल आप हस्तक्षेप करें, वहां उपरोक्त योजना का दुरुपयोग किया जा रहा है और इस योजना को सरजमीं पर उतारने का काम नहीं किया जा रहा है। वहां के जेनुइन मजदूरों को काम नहीं दिया जा है। जिसके कारण वहां बेरोजगारी और गरीबी बढ़ रही है। मेरी मांग है कि केन्द्र सरकार वहां तुंत हस्तक्षेप करें और जिन मजदूरों ने वहां काम किया है, उनका भुगतान करायें, ताकि लोगों को न्याय मिले। बिहार के इलाकों में सही तरीके से यह योजना सरजमीं पर उतरे, सरकार की जो मूल भावना है कि बेरोजगारों को रोजगार मिले, वह काम पूरा हो। आप सभी लोगों को मालूम है कि बिहार में बहुत गरीबी है। मैं निवेदन करूंगा कि ग्रामीण विकास मंत्री जी को वहां तुंत हस्तक्षेप करना चाहिए, ताकि लोगों को न्याय मिल सके और रोजगार गारंटी योजना का लाभ आपकी गाइडलाइंस के अनुसार लोगों को दिया जा सके। इसी के साथ मैं अपनी बात समाप्त करता हूं।

**अध्यक्ष महोदय :** श्री गिरधारी लाल भार्गव जी, आपका सेफ ग्रेन कैम्पेन ऑफिस वाला मामला क्या सैन्ट्रल गवर्नमैन्ट का है?

**श्री गिरधारी लाल भार्गव (जयपुर) :** हां, यह सैन्ट्रल गवर्नमैन्ट का है।

**अध्यक्ष महोदय :** यह सेफ ग्रेन कैम्पेन से संबंधित है[b12]।